अरविन्द पाण्डेय
मंत्री
विद्यालयी शिक्षा, प्रौढ शिक्षा,
संस्कृत शिक्षा, खेल युवा कल्याण
एवं पंचायती राज

उत्तराखण्ड शासन

विधान भवन
देहरादून-248001
दूरभाष : 0135-2665080 (का.)
फैक्स : 0135-2665121

संदेश

उत्तराखंड शासन में युवा कल्याण और खेल विभाग का केबिनेट मंत्री और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र संगठन की युवा कार्यक्रमों की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति का अध्यक्ष होने के नाते मैं राज्य के सभी 13 जनपदों में अपने कार्य में निरंतर प्रगति करते नेहरू युवा केन्द्र संगठन के कार्यों के लिए राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों विशेष रूप से संगठन के साथ कार्यरत युवा स्वयंसेवको की हृदय से सराहना करता हूँ।

नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना से देव भूमि उत्तराखंड की जनता को बचाये रखने के लिए 7 जून 2020 तक किये गए कार्यों की राज्य स्तर पर संकलित रिपोर्ट मेरे सम्मुख प्रस्तुत की गई है। रिपोर्ट के अनुसार :-

- प्रदेश में संगठन के प्रयासों से 61 हज़ार से अधिक युवाओं को कोविड वोलेंटियर के रूप में संगठित किया गया है।
- 69 हज़ार से अधिक लोगों ने आरोग्य सेतु एप डाउनलोड किया है।
- कार्मिक मंत्रालय भारत के पोर्टल पर कोविड 19 पर 10,000 से अधिक युवाओं ने प्रशिक्षण हेतु अपना पंजीयन कराया वहीं 5 हज़ार से अधिक युवाओं द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है।
- कोरोना से पीड़ित व उनके बचाव में लगे कोरोना वारियर्स से भेदभाव न करने हेतु 61 हज़ार से अधिक लोगों को जागरूक किया गया है।
- वृद्ध और वरिष्ठ नागरिकों की विशेष देखभाल, जरूरतमंदों को भोजन पहुंचाने, दो गज दूरी और मास्क उपयोग पर जागरूकता बढ़ाते हुए जरूरतमंदों तक मास्क पहुंचाए हैं।
- सोशल मीडिया के जरिये जलशक्ति मंत्रालय से प्राप्त संदेश 3 दिवस में राज्य के सारे 16 हज़ार गावों में 5, 32,000 से अधिक लोगों तक पहुंचाए ।
- प्रदेश के कई जिलों में संगठन के स्वयंसेवक ज़िला प्रशासन और पुलिस की सहायता कर रहे हैं।

संगठन के यह कार्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण और प्रशंसनीय इसलिए भी हैं कि इसे प्रदेश में कार्यरत मात्र एक दर्जन अधिकारियों के द्वारा इतने ही सहयोगी कर्मचारियों के साथ अपने परिश्रम और बिना किसी शासकीय व्यय के पूर्णतः स्वैच्छिक संकल्प से क्रियान्वित किया गया है।

इस अवसर पर मैं भारत सरकार के युवा कार्यक्रम खेल मंत्री एवं नेहरू युवा केन्द्र संगठन के शासी निकाय के अध्यक्ष श्री किरण रिजिजू जी और नेहरू युवा केन्द्र संगठन के महानिदेशक श्री असित सिंह जी के कुशल प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने विगत वर्ष राज्य के नेहरू युवा केंद्रों के वर्षों से रिक्त पदों पर अधिकांश युवा अधिकारियों को नियुक्त किया जिससे राज्य में युवाओं को संगठित कर उन्हें स्वैच्छिक सेवाभावी कार्यों में संलग्न करने का मार्ग प्रशस्त हो सका है।

मैं यह भी कामना करता हूँ कि राज्य में राज्य सरकार के युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल और केंद्र सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस),नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एन वाय के एस), नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एन सी सी) और भारत स्काउट और गाइड्स (बी एस जी एस) एक साथ प्रदेश के युवाओं को संगठित कर न केवल कोरोना से प्रतिरक्षा के लिए कार्य करें वरन प्रदेश के चहुंमुखी विकास में अन्य विभागों के साथ विकासात्मक कार्यक्रमों में भी अपना योगदान दें।

राज्य का युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के नेहरू युवा केन्द्र संगठन की युवा कार्यक्रमों की राज्य स्तरीय सलाहकार समिति का अध्यक्ष होने के नाते मैं पुनः नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक और उनकी टीम को प्रदेश की जनता और मानवता की सेवा में किये गए कार्यों के लिए बधाई देता हूँ और उत्तराखंड राज्य के युवाओं का आवाहन करता हूँ कि वे नेहरू युवा केन्द्र संगठन के कोविड विरोधी अभियान में सम्मिलित होकर राज्य की जनता और मानवता की सच्ची सेवा में हर संभव योगदान दें।

(अरविन्द पाण्डेय)

श्री अपूर्व शिन्दे
राज्य निदेशक
नेहरू युवा केंद्र संगठन
कारगी ग्रान्ट, देहरादून